सत्यमेव जयते
भारत सरकार
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

GOVERNMENT OF INDIA

**NATIONAL COMMISSION FOR SCHEDULED TRIBES**

File No. Tour Programme/VC/29/2017/RU-III

6th floor, B Wing Loknayak Bhawan,
Khan Market,
New Delhi-110003
Dated: 21st December, 2017

To,

District Collector,
District- Kishanganj,
Bihar

Sub: Tour Report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes (NCST) to District- Kishanganj (Bihar) from 14th November, 2017 to 16th November, 2017.

Sir,

I am directed to enclose herewith copy of tour report of Miss Anusuiya Uikey, Hon'ble Vice-Chairperson, NCST to District- Kishanganj (Bihar) from 14th November, 2017 to 16th November, 2017 for compliance.

It is requested to take action on the recommendations of the Commission and submit action taken report within a months' time.

Yours faithfully,

(S. P. Meena)
Assistant Director

Copy for information and necessary action to:

1. The Secretary,
   Schedule Caste & Schedule Tribe Welfare Deptt.,
   Block No-4,(Second Floor)
   Behind Sinchai Bhawan,
   Old Secretariat Campaus,
   Bihar, Patna-15
2. NIC, NCST uploaded on the web site.

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार
### सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष

का दिनांक 14 से 16 नवम्बर 2017 तक जिला- ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार का क्षेत्रीय दौरा।

**दौरा रिपोर्ट :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | दौरा करने वाले पदाधिकारी का नाम | **सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष**<br>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार<br>**श्री गौरव कुमार**<br>उपाध्यक्ष के निजी सचिव |
| 2. | दौरे की तिथि (दिन/माह/वर्ष) | 14 से 16 नवम्बर 2017 |
| 3. | दौरा किया गया स्थान | ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार |
| 4. | मुख्य व्यक्ति / अधिकारीगण / संगठनों से मिले | 1. श्री जुएल ओराम, माननीय केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री, भारत सरकार<br>2. श्री पंकज दीक्षित, जिला कलेक्टर, किशनगंज, बिहार<br>3. श्री रामजी साह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, किशनगंज, बिहार<br>4. श्री परमेश्वर मुर्मू, प्रांत अध्यक्ष, वनवासी कल्याण आश्रम, बिहार<br>5. श्री इन्द्रेश जी, अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम<br>6. श्री उत्तम कुमार मित्तल, जिला अध्यक्ष, वनवासी कल्याण आश्रम<br>7. श्री गिरीश कुबेर, अखिल भारतीय जनजाति हित रक्षा प्रमुख<br>8. श्री विजय खेमका, विधायक, पूर्णिया, बिहार<br>9. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम, पूर्व विधायक, कटोरिया<br>10. श्री विजय कुमार ओझा, डिप्टी कमांडेंट, एस.एस.बी., किशनगंज, बिहार<br>11. श्री जगदीश चन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, बाबा तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति<br>12. श्री दिलीप कुमार जायसवाल, विधान पार्षद, बिहार विधान परिषद्<br>13. श्री राजकिशोर हासदा, जनजाति सुरक्षा मंच, किशनगंज, बिहार |

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

एवं विभिन्न जनजाति समाज के प्रतिनिधि, जन प्रतिनिधि,सामाजिक कार्यकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि आदि।

5. 1. **दौरा के मुख्य बिन्दु :** ठाकुरगंज, किशनगंज, बिहार में भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित बाबा तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट समापन समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रतिभागिता।

(भ्रमण के दौरान चर्चा किए गए प्रमुख मुद्दे)

**दिनांक 14 नवम्बर 2017 मंगलवार**

1. **किशनगंज** आगमन, अतिथि गृह मे विभिन्न जनजातीय प्रतिनिधियों, समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएँ सुनी, और क्षेत्र की जनजातियों से संबन्धित विभिन्न समस्याओं और मुद्दों पर चर्चा की।



**अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैम्पस, किशनगंज का दौरा करते हुए**

2. **अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैम्पस, किशनगंज** का दौरा किया जहां कैम्पस के लिए अधिगृहित जनजातियों की जमीन के मुआवजे और पुनर्वास की स्थिति का अवलोकन किया। यह पाया गया कि यह समूचा क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है, यहाँ के किसानों की फसल तक नष्ट हो चुकी है तथा लोगों के पुनर्वास और उचित मुआवजे नहीं दिए

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

| | |
|---|---|
| | गए हैं। इस दौरान उपस्थित जनजातियों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। उपस्थित जनजाति समाज के लोगों ने अवगत कराया कि अब तक उनका समुचित पुनर्वास और मुआवजा नहीं दिया गया है। इस दौरान उन जनजातियों को आयोग के विषय मे भी जानकारी दी गई। साथ ही उनके अधिकारों और संरक्षण के संवैधानिक उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनजाति समाज के कल्याण की योजनाओं के विषय मे भी बताया गया।  **किशनगंज अतिथिगृह में अधिकारियों के साथ समीक्षा करते हुए** 3. **किशनगंज** अतिथि गृह में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैम्पस, किशनगंज के लिए अधिगृहित जनजातियों की भूमि के उचित मुआवजे और उनके पुनर्वास पर चर्चा की। इस दौरान जिला कलेक्टर ने पूर्व के दौरे के दौरान की गई अनुशंसाओं की प्रगति रिपोर्ट दी। उन्होंने अवगत कराया कि सभी अनुशंसाओं पर कार्यवाई जारी है तथा कुछ पर कार्य चल रहा है। उन्होंने अवगत कराया कि जिले में भीषण बाढ़ की समस्या के कारण इस मामले में थोड़ा विलंब हुआ है किन्तु अब इसे शीघ्र निष्पादन 1-2 माह में कर दिया जाएगा। इस दौरान जनजाति समाज के विस्थापित लोगों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर भी चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने उन सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाई के लिए आवेदन स्वीकार किया। अधिकारियों के साथ क्षेत्र की जनजातियों की अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की गई और जनजाति विकास योजनाओं के क्रियान्यवयन की समीक्षा भी की गई। |

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi



**समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों और जिलों से आये जनजाति समाज के कलाकारों के साथ**

**दिनांक 15 नवम्बर 2017 मंगलवार**

4. **ठाकुरगंज** में भगवान बिरसा मुंडा जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित बाबा तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट समापन समारोह कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित हजारों जन समूह को संबोधित किया। इस दौरान युवा शक्ति और राष्ट्रनिर्मान में उनकी बढ़ती भूमिका पर प्रोत्साहन दिया। इसके साथ ही जनसमूह को संबोधित करते हुए आयोग की कार्यप्रणाली, आयोग के अधिकार की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जनजाति समाज के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा, उनके विकास और सशक्तीकरण के लिए आयोग द्वारा किए गए महत्वपूर्ण प्रयासों के विषय मे जानकारी दी। उन्हे बताया गया कि भारतीय संविधान के तहत गठित इस आयोग का उद्देश्य जनजाति समाज के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हे उत्पीड़न व अत्याचार से बचाना है। उन्हे संविधान द्वारा आयोग को प्रदत शक्तियों के विषय मे भी बताया गया।

समापन समारोह कार्यक्रम के दौरान विभिन्न राज्यों और जिलों से आये जनजाति समाज के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उनके उत्साहवर्द्धन के लिए माननीय केन्द्रीय जनजातीय कार्यमंत्री जी के साथ नृत्य

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

और सांस्कृतिक कार्यक्रम में जनजाति महिलाओं के साथ शामिल हुए।

बाबा तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट समापन समारोह कार्यक्रम मे विजेता टीमों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले नेपाल राष्ट्र और सीमावर्ती जिलों से आये फुटबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



**बाबा तिलका मांझी फुटबॉल टूर्नामेंट समापन समारोह कार्यक्रम मे विजेता टीमों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए**

---

**अनुवर्ती कार्यवाई किया गया एवं किसके द्वारा:**
(जिसके साथ मुद्दे पर एन. सी. एस. टी. अधिकारियों द्वारा अनुवर्ती कार्यवाई की जानी है, उस अधिकारी के नाम और पदनाम के साथ विनिर्दिष्ट सिफ़ारिशों का उल्लेख किया जाय)

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कैम्पस, किशनगंज के लिए अधिगृहित जनजातियों की भूमि के उचित मुआवजे और उनके पुनर्वास पर शीघ्र उचित कार्यवाई करने को कहा गया। इस दौरान आदिवासियों द्वारा प्राप्त आवेदन जिला कलेक्टर के माध्यम से सबंधित अधिकारियों को इस सुझाव के साथ दिया गया कि इन पर तत्काल कार्यवाई कर आयोग को भी सूचित किया जाय। जिला कलेक्टर ने अवगत कराया कि बिहार में आई बाढ़ के कारण पूर्व की अनुशंसाओं के क्रियान्यवयन में थोड़ा विलंब हुआ है किन्तु शेष बचे कार्यों का निष्पादन 1-2 माह में कर दिया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों के साथ क्षेत्र की जनजाति विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्यवयन के लिए भी कहा गया।

जनजाति समाज की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए दक्षता प्रशिक्षण और स्वरोजगार के साधनों में वृद्धि के उपायों पर कार्य करने के लिए भी कहा गया। साथ ही जनजातियों से संबन्धित योजनाओं, कार्यक्रमों को तत्परता से लागू करने तथा इसकी जागरूकता फैलाने की सलाह दी गई।

सुश्री अनुसुईया उइके

**(दौरा करने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर)**

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi